कार्यालय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी

प्रेस कॉन्फ्रेंस दिनांक 04.04.2024

1. लोकसभा निर्वाचन 2024 के द्वितीय चरण हेतु तीन लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों 6–राजनांदगांव, 9–महासमुंद एवं 11–कांकेर में नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की तिथि 28 मार्च 2024 से प्रारंभ हो चुकी है। अब तक द्वितीय चरण हेतु 52 अभ्यर्थियों के कुल 95 नामांकन प्राप्त हुये हैं, लोकसभा क्षेत्रवार विवरण निम्नानुसार है :–

क्र.	लोकसभा क्षेत्र का क्रमांक व नाम	प्राप्त नामांकन	अभ्यर्थी की संख्या
1	6 राजनांदगांव	32	23
2	9 महासमुंद	43	19
3	11 कांकेर	20	10

द्वितीय चरण के नामाकंन भरने की अंतिम तिथि 04 अप्रेल 2024 अपरान्ह 3.00 बजे तक थी।

2. द्वितीय चरण के लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों से संबंधित निर्वाचक नामावली नामांकन की अंतिम तिथि 04 अप्रैल 2024 को फ्रीज हो गई है।
3. द्वितीय चरण हेतु मतदान केन्द्रो की कुल संख्या 6567 है, जिसमें 02 सहायक मतदान केन्द्र सम्मिलित है।
4. प्रथम एवं द्वितीय चरण हेतु ईवीएम मशीनों का जिला निर्वाचन अधिकारी स्तर पर प्रथम रेण्डमाईजेशन पूर्ण किया जा चुका है, जिसमें विधानसभावार न्यूनतम 120 प्रतिशत बीयू एवं सीयू तथा 130 प्रतिशत वीवीपैट की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है।
5. प्रथम चरण हेतु बस्तर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में निर्वाचन ड्यूटी कर्मचारियों का जिले के सुविधा केन्द्रों में डाक मतपत्र से मतदान की प्रक्रिया दिनांक 06.04.2024 से प्रारम्भ होगी।
6. सीविजिल में आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों की कुल 249 शिकायतें प्राप्त हुई है, सभी शिकायतो पर इस कार्यालय स्तर पर कार्यवाही पूर्ण कर ली गई है।
7. आचार संहिता प्रभावशील होने के उपरांत राज्य में अब–तक प्रचार प्रसार संबंधी विभिन्न अनुमतियों से संबंधित कुल 335 आवेदन प्राप्त हुए है, सभी आवेदन पत्रों पर कार्यवाही पूर्ण कर ली गई हैं।

8. आचार संहिता के दौरान संपत्ति विरूपण की कार्यवाही की जानकारी निम्नानुसार है :–

बैनर	–	69,203
पोस्टर्स	–	1,11,285
वॉल राइटिंग	–	1,36,187
अन्य	–	88,115
<u>कुल</u>	–	<u>4,04,790</u>

9. राज्य में आचार संहिता के दौरान दिनांक 04.04.2024 की स्थिति में जप्ती रिपोर्ट निम्नानुसार है :–

Cohort	Quantity	Value
Cash		**9.80** Cr
Liquor	**27979.76**(Ltr)	**0.66** Cr
Drugs/Narcotics	**1027.16**(Kg)	**1.76** Cr
Precious Metal	**24.16**(Kg)	**1.64** Cr
Other Seizure/Freebies		**17.93** Cr
<u>Total Seizure Value</u>		**31.79** Cr

10. लोकसभा निर्वाचन में मतदान दलों हेतु वाहनो की आवश्यकता –

मतदान दलों के परिवहन हेतु	सेक्टर/जोनल/प्रेक्षक/उड़नदस्ता व अन्य दलों के लिये वाहनों की आवश्यकता	पुलिस/सुरक्षा बलों की परिवहन हेतु वाहनों की आवश्यकता	कुल वाहन
7904	5740	10835	24479
13644			

11. 167 मतदान कन्द्रों में मतदान हेतु 1003 व्यक्तियों को हेलीकॉप्टर के माध्यम से पहुचाया जायेगा। इस हेतु भारत निर्वाचन आयोग से 10 हेलीकॉप्टर की मांग की गई है।

12. EVM और VVPAT परिवहन करने वाले समस्त वाहनों में जीपीएस डिवाईस लगाकर ट्रेकिंग किया जाएगा। ऐसे वाहनों की संख्या लगभग 11644 होगी।